


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 54/ अंक 275/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, गुरुवार 15 मई 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

## इंदौर में जल्द दौड़ेगी मेट्रो, पीएम मोदी 20 को करेंगे शुभारंभ



**इंदौर।** मेट्रो के 5.9 किमी लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर जल्द ही कमर्शियल संचालन शुरू होने वाला है, जिसकी संभावित तारीख 20 मई मानी जा रही है और उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली कर सकते हैं। सीएमआरएस से मंजूरी मिलने के बाद मेट्रो हर 30 मिनट पर चलेगी और किराया 20 से 30 रुपए तक होगा। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने इंदौर मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल संचालन के लिए अपनी तैयारियाँ तेज कर दी हैं। हालांकि अब तक मेट्रो के व्यावसायिक संचालन (कॉमर्शियल रन) की सटीक तारीख घोषित नहीं की गई है, लेकिन यह तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ऐतिहासिक शुरुआत को वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे।

## 'आपकी अम्मी कैसी हैं?' पीएम मोदी ने आमिर खान से ली खैर-खैरियत....

हाल ही में हुए एक कॉनक्लेव में एक दिल छू लेने वाला नज़ारा देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान से मुलाकात की. इस दौरान दोनों के बीच हुई बातचीत ने वहां मौजूद लोगों का ध्यान



खींच लिया. पीएम मोदी ने आमिर से बड़े अपनापन के साथ हालचाल पूछा, जो उनकी लोगों से जुड़ने की खासियत को दिखाता है.

यह खास लम्हा तब आया जब आमिर खान और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई. ÷कॉनक्लेव में वो पल सच में दिल छू लेने वाला था. जब प्रधानमंत्री ने आमिर से मुलाकात की, तो उन्होंने पूछा, 'आपकी अम्मी कैसी हैं?' आमिर ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'वो ठीक हैं, सर.'

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, 3 और आतंकी हुए ढेर, 48 घंटे में 6 को मारा

**जम्मू।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षाबलों ने फैसला कर लिया है कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद को पूरी तरह से साफ कर देना है। सुरक्षाबल लगातार पूरे प्रदेश में आतंकियों की खोज में तलाशी अभियान चला रहे हैं और एनकाउंटर में आतंकियों को ढ़ेर कर रहे हैं। गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के त्राल में



भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। इस एनकाउंटर में 3 आतंकियों को मार गिराया गया है। दरअसल, सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच ये मुठभेड़ जम्मू कश्मीर के त्राल के नादिर गांव में हुई है। ये इलाका दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अंतर्गत आता है। सुबहें मिली जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने इलाके में 2 से 3 आतंकियों के फंसे होने की आशंका जताई थी। आखिरकार सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने एंटी टेरर ऑपरेशन में तीनों आतंकियों को मार गिराया है। इससे पहले मंगलवार को जम्मू कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया था। ये तीनों आतंकी लश्कर-तैयबा के थे। भारतीय सेना ने बताया है कि इन आतंकियों को ऑपरेशन केलर के तहत आतंकी संगठन के तीन सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। 48 घंटे में 6 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

### सोशल मीडिया से

सूत्रों के अनुसार,
जब बीएसएफ जवान पुर्णम कुमार शाहू को रिहा किया गया, तो उन्होंने पाकिस्तानियों से पूछा -
मोदी जी को
कुछ कहना है क्या?

## पाकिस्तान के किराना हिल्स में लीक हो रहे परमाणु के रेडिएशन? आईएईए ने बता दिया पूरा सच


**वियना/नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान न्यूक्लियर लीक की खबरें सामने आईं। जिसके बादपाकिस्तान में न्यूक्लियर लीक होने की अटकलों पर



अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने प्रतिक्रिया दी है। आईएईए ने कहा कि न्यूक्लियर लीक जैसी बातों में सच्चाई नहीं है। वैश्विक परमाणु निगरानी संस्था आईएईए ने कहा है कि भारत के साथ बढ़े सैन्य संघर्षों के बाद पाकिस्तान में किसी भी परमाणु सुविधा से कोई रेडिएशन लीक नहीं हुआ है। आईएईए के प्रवक्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम उन रिपोर्ट्स को पहले से जानते हैं, जिसके बारे में आप बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईएईए के पास मौजूद जानकारी के आधार पर पाकिस्तान में किसी भी परमाणु सुविधा से कोई रेडिएशन लीक नहीं हुआ है।

## एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग डेट आगे बढ़ी, भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला होंगे मुख्य पायलट

**नई दिल्ली/फ्लोरिडा।** भारत के लिए गर्व का पल नजदीक है। एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग तारीख को आगे बढ़ाते हुए नासा और एक्सिओम स्पेस ने घोषणा की है कि यह ऐतिहासिक मिशन अब 8 जून को शाम 6.41 बजे फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा। यह उड़ान लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39ए से होगी, जहां से 1969 में अपोलो 11 मिशन ने उड़ान भरी थी। इस मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मुख्य पायलट की भूमिका में होंगे, जो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनेंगे। नासा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि स्पेस स्टेशन उड़ान कार्यक्रम की समीक्षा के बाद लॉन्चिंग तारीख में बदलाव किया गया है। पहले यह मिशन 29 मई को प्रस्तावित था। शुभांशु शुक्ला के साथ पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की, हंगरी के टिबोर कापू और मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन दो सप्ताह तक आईएसएस पर रहेंगे।



# सुप्रीम कोर्ट की ओर से समयसीमा तय किए जाने पर राष्ट्रपति ने पूछे 14 सवाल

### कहा- संविधान में ऐसा प्रावधान नहीं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 8 अप्रैल को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सवाल उठाए हैं। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ। अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी।



### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये सवाल किए

- राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
- क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
- क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?
- क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है?
- क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है?
- क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं?
- अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सलाह लेनी चाहिए?
- क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं।
- क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है?
- क्या सुप्रीम कोर्ट की कोई पीठ अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच को भेजने पर फैसला कर सकती है?
- क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश/आदेश दे सकता है जो संविधान या वर्तमान कानूनों मेल न खाता हो?
- और क्या अनुच्छेद 131 के तहत संविधान इसकी इजाजत देता है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच विवाद सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही सुलझा सकता है?

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार 30 मई को बिहार आ रहे पीएम मोदी, देंगे कई सौगात

### पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ करेंगे

**पटना/ रोहतास।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पीएम मोदी 30 मई को पटना और रोहतास में रहेंगे। पीएम पहले पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद रोहतास के बिक्रमगंज जाएंगे। यहां पहले नवीनगर में 600 मेगावाट पावर प्रोजक्ट समेत कई विकास परियोजनाओं की सौगात बिहारवासियों को देंगे। इसके बाद पीएम जनसभा को भी संबोधित करेंगे। राजनीतिक पंडितों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी का यह दौरा काफी अहम होगा। इससे पहले दो बार पीएम मोदी बिहार आ चुके हैं। 24 फरवरी को पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त जारी करने आए थे। इसके बाद 24 अप्रैल को मधुबनी में पंचायती राज दिवस के मौके पर 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया था।



### सौगात देने आ रहे पीएम

इधर, पीएम मोदी के कार्यक्रम में किसी तरह की कोई कमी नहीं हो, इसे लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। एक दिन पहले डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण किया और स्थानीय नेताओं को कई तरह के दिशा-निर्देश दिए। दोनों नेताओं ने घोसियां एवं गोडारी में स्थल निरीक्षण किया तथा विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से उपस्थित पदाधिकारीयों के विस्तार से चर्चा की। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी 30 मई को बिहार में कई योजनाओं की सौगात देंगे। पीएम मोदी पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पटना सासाराम फोर लेन सड़क का शिलान्यास करेंगे। साथ हीं औरंगाबाद के नवीनगर में 600 मेगावाट पावर प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास करेंगे और कुल मिलाकर पीएम मोदी बिहार में हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात देने वाले हैं।

कर्नल कुरैशी पर विवादित टिप्पणी

## मप्र के मंत्री शाह को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी को निशाना बनाकर की गई अपनी कथित विवादास्पद टिप्पणी मामले में मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को करारा झटका लगा है। कोर्ट से गुरुवार को उन्हें कोई राहत नहीं मिली। दरअसल, आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एफआईआर दर्ज करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ विजय शाह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में विजय शाह ने एफआईआर पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कल यानी 16 मई को कुंवर विजय शाह की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। आप किस तरह के बयान दे रहे हैं? देखना चाहिए कि कैसे हालात हैं? आप जिम्मेदार पद पर हैं, जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। शाह ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी देने वाली भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ टिप्पणी की थी। मध्य प्रदेश के आदिवासी विकास मंत्री और आठ बार के विधायक कुंवर विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान को लेकर बुरे फंस गए हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर उनके खिलाफ मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई। बुधवार देर रात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बेंगलुरु दौरे से लौटने के बाद बड़ी बैठक हुई। सूत्रों के अनुसार इसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने शाह से इस्तीफे की मांग, लेकिन शाह अड़ गए कि उन्हें गुरुवार को हाईकोर्ट में पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। मध्य प्रदेश के मंत्री के विवादित बयान पर दर्ज एफआईआर की भाषा पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने गुरुवार को मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर को सिर्फ खाना पूर्ति बताया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अब इस पुलिस जांच की निगरानी कोर्ट करेगी। जांच किसी दबाव में प्रभावित न हो इसलिए ऐसा करना जरूरी है।





## लाड़ली बहनों के खाते में पहुंची राशि

### 60.50 करोड़ के जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ

**रीवा/सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, गुरुवार, 15 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा और सीधी जिले के दौरे पर हैं। सीएम यादव सुबह रीवा पहुंचे और शासकीय बिरसा मुण्डा महाविद्यालय दिव्यगवां वि.स. सिरमोर ज़िला रीवा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। थसीएम सीधी पहुंचें और सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना योजना की मई महीने (24वीं) की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी की।

**सीएम ने शिक्षा मंत्री रहते किया था कॉलेज का भूमिपूजन-** सीएम मोहन यादव ने शिक्षा मंत्री रहते किया था सरकारी कॉलेज भवन का भूमिपूजन, अब सीएम ने इसी कॉलेज का लोकार्पण किया। सीएम ने इस बात का जिक्र करते हुए कहा, इसका हमें गर्व है। उन्होंने कहा, इस कॉलेज में अब 3000 बच्चियां अध्ययनरत हैं। बेटियों के लिए और जरूत पड़ी तो और कॉलेज प्रारंभ किया।



**दूध उत्पादन को 20 प्रतिशत करना है-** सीएम ने कहा, सिरमौर में दूध बहुत होता है। इनके लिए सरकार बड़ी योजना ला रही है। अभी प्रदेश में देश के कुल उत्पादित दूध का 9 प्रतिशत उत्पादन हो रहा है, इसे 20 प्रतिशत तक पहुंचाना है।

मुख्यमंत्री ने यहां जल गंगा संवर्धन अभियान के 501 खेत तालाबों तथा अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें मुख्यमंत्री कई विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। यहां स्वामित्व योजना से हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण किया। अंत में मुख्यमंत्री 5 एकड़ प्रस्तावित क्षेत्र में पौधरोपण करेंगे।

मुख्यमंत्री 12.55 बजे सीधी पहुंचें। सीधी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी की। साथ ही पेंशन हितग्राहियों और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी अंतरित की। मुख्यमंत्री यहां एक आमसभा को भी संबोधित करने के दौरान निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

## राहुल गांधी का काफिला दरभंगा में छात्रावास से 3 किमी पहले रोका

**दरभंगा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिन के दौरे पर बिहार पहुंचे। राहुल गांधी को दरभंगा गए, जहां दलित छात्रों के साथ संवाद का कार्यक्रम किया। शिक्षा न्याय संवाद कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी को दरभंगा के मोगलपुरा स्थित आंबेडकर कल्याण छात्रावास में दलित छात्रों से संवाद की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी थी। गुरुवार को राहुल गांधी का काफिल जब आंबेडकर छात्रावास पहुंचा, पुलिस प्रशासन ने चौरंगी के पास इसे 3 किमी पहले रोक दिया। गेट पर कांग्रेस के समर्थकों ने हंगामा शुरू कर दिया, नारेबाजी करने लगे। राहुल गांधी ने आंबेडकर हॉस्टल जाने से रोके जाने का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा।



### राहुल गांधी ने छात्र से किया संवाद

राहुल ने एक दलित छात्र से संवाद किया और उसके बाद आंबेडकर छात्रावास से बाहर निकल आए। राहुल गांधी के साथ संवाद करने वाले छात्र प्रदीप कुमार ने मीडिया से कहा कि मेरे लिए यह किसी सपने से कम नहीं है। राहुल गांधी युवाओं के हक की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमारी समस्याओं के बारे में जाना और दलित छात्रों के अधिकार के लिए लड़ाई में साथ देने का भरोसा दिया।

ऑपरेशन सिंदूर, आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई

## रक्षा मंत्री ने बढ़ाया जवानों का हौसला, सेना पर देश को गर्व

**जम्मू ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। रक्षा मंत्री श्रीनगर पहुंचे हैं। उनके साथ एलजी मनोज सिन्हा भी मौजूद हैं। उन्होंने सेना के अधिकारियों व जवानों से मुलाकात की। रक्षा मंत्री घाटी में सेना की कमान संभालने वाली चिनार कॉर्प्स के मुख्यालय पहुंचे हैं। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह राजनाथ सिंह का पहला जम्मू-कश्मीर दौरा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचकर वायुसेना के जवानों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया था। बता दें, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारतीय सेना ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। जिसमें कई कुख्यात आतंकी भी मारे गए थे।



**पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ी-** बादामी बाग छावनी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, इस विषम परिस्थिति में, आप सबके बीच आकर, आज मैं, बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान आपने जो कुछ किया, उसने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। मैं अभी भले ही आपका रक्षा मंत्री हूं लेकिन उससे पहले तो भारत का नागरिक हूं। रक्षा मंत्री के साथ-साथ, मैं आज, भारत के नागरिक के रूप में भी आपका आभार प्रकट करने आया हूं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपनी सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर बड़ी कार्रवाई है। पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ी है।

**दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पाएगा-** रक्षा मंत्री ने कहा, मैं आपकी उस ऊर्जा को महसूस करने आया हूं, जिसने दुश्मनों को नेस्तनाबूद कर दिया। आपने जिस तरीके से, सीमा के उस पार पाकिस्तान की चौकियों और बंकरों को धवस्त किया, दुश्मन उसे कभी भूल नहीं पाएगा। आमतौर पर लोग जोश में होश खो देते हैं। लेकिन आपने, जोश भी रखा, होश भी रखा और सूझबूझ के साथ दुश्मन के ठिकानों को बर्बाद किया है।

### आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई, अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35-40 वर्षों से भारत सरहद पार से चलाये जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देकर भारत के माथे पर चोट पहुंचाने का काम किया, भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने भारत के माथे पर वार किया, हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के जख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, अपनी ज़मीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ न होने दे।

विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और किसानों ने मिलकर भारत के लिए जलवायु-संवेदनशील कृषि के रास्ते तय करने का आह्वान किया

# भोपाल नीति संवाद में मंत्री सारंग ने की कृषि में केंद्रित जलवायु कार्रवाई की जोरदार वकालत

**भोपाल।** जलवायु परिवर्तन को भारतीय कृषि के लिए एक तात्कालिक और गंभीर संकट बताते हुए, मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को भोपाल में आयोजित क्षेत्रीय नीति संवाद- जलवायु परिवर्तन और इसका कृषि पर प्रभाव विषयक कार्यक्रम में जलवायु चेतना और सामूहिक प्रयासों को गति देने की अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच का उल्लेख करते हुए कहा, जलवायु की चुनौतियाँ हम सभी के सामने हैं और इसमें हर व्यक्ति की भूमिका है। अब समय है कि हम सभी मिलकर निर्णायक कदम उठाएं।




इंडियाएग्री में स्थिरता मायने रखती है और सॉलिडारिडाड के सहयोग से आयोजित इस संवाद में कृषि वैज्ञानिकों, नीति विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और किसानों ने हिस्सा लिया। सभी का उद्देश्य था—जलवायु के अनुकूल कृषि की दिशा में सामूहिक और वैज्ञानिक समाधान खोजने का प्रयास करना। श्री सारंग ने यह भी आश्वस्त किया कि इस तरह के संवादों को राज्य सरकार पूरा समर्थन देगी ताकि व्यावहारिक समाधान सामने आएं। उन्होंने कहा, ऐसे विचार-मंथन अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि इन्हीं से ठोस नीतियाँ और सहयोगी मॉडल तैयार होते हैं। सोलीड्रदडेड के जनरल मैनेजर डॉ. सुरेश मोटवानी ने जलवायु-संवेदनशील कृषि और बदलते मौसम में अनुकूलन विषय पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा, सच्ची जलवायु लचीलापन खेत स्तर से शुरू होती है, लेकिन इसके लिए नवाचार और समेकित नीति समर्थन भी जरूरी है। अब कृषि केवल उत्पादन नहीं, बल्कि आजीविका, पारिस्थितिकी तंत्र और खाद्य सुरक्षा की रक्षा का माध्यम भी है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने जल-गहन खेती की बजाय माइक्रो-इरिगेशन, वॉटरशेड डेवलपमेंट और विकेन्द्रीकृत जल शासन जैसे टिकाऊ उपायों को अपनाने पर जोर दिया। साथ ही, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक जलवायु विज्ञान को जोड़ने वाली संस्थागत संरचनाओं की आवश्यकता पर बल दिया गया, ताकि किसानों की आवाज भी जलवायु योजना में शामिल हो।

चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार

# होम्योपैथी और योगा थैरेपी की संयुक्त चिकित्सा से रोगियों में आश्चर्यजनक लाभ





**भोपाल।** शासकीय होम्योपैथी औषधालय कवीटपुरा भोपाल की ओपीडी में आने वाले रोगियों को उनके रोगानुसार निशुल्क होम्योपैथी औषधियां तो प्रतिदिन प्रदान की ही जाती है परन्तु प्रतिदिन रोगीयो को उनके रोगानुसार योग चिकित्सा की सुविधा भी निशुल्क औषधालय परिसर में ही उपलब्ध कराई जा रही है। औषधालय प्रत्येक मरीज को योगा थैरेपी और होम्योपैथी औषधियां प्रदान करने वाला राजधानी भोपाल में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नवाचार प्रदान करने वाला होम्योपैथी औषधालय है। जहां पर एक ही छत के नीचे रोगीयो को होम्योपैथी और योगा थैरेपी दोनों का संयुक्त लाभ एक ही समय में प्रदान किया जाता है।जो लोकहित में अदभुत अद्वितीय है। जिससे औषधालय में आने वाले रोगियों को शीघ्र लाभ प्राप्त हो रहा है।यह सव सम्भव हुआ है औषधालय में प्रभारी डॉ अशोक पचोरी के लोक कल्याण कारी प्रयास से डां पचोरी एक वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी के साथ साथ विगत 25 वर्ष का योग थैरेपी का अनुभव के साथ योग थैरेपी में पी जी डिप्लोमा, तथा योग चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि के साथ साथ नेशनल इलीजीविलटी परीक्षा योग में यूजीसी नेट योग्यता धारित करने के साथ ही टाईप 2 डायबिटीज के प्रबंधन में होम्योपैथी और योग विषय में पीएचडी उपाधि से भी विभूषित हैं। तथा अपनी शासकीय सेवाओं के अतिरिक्त योग थैरेपी में भी वर्ष 2000 से निरन्तर निशुल्क सेवाएं विभाग को विभिन्न स्तरों पर प्रदान कर रहे हैं। डॉ पचौरी के द्वारा कोविड महामारी के दोरान अपनी मंत्रालय वल्लभभवन भोपाल में वही आई पी ड्यूटी में वर्ष 2020से2022 तक होम्योपैथी के साथ योग चिकित्सा की सेवाएं देकर उत्कृष्ट कार्य किया गया था तथा मंत्रालय में कोविड 19 को नियंत्रित किया था, उनके इस विशिष्ट कार्य के लिए म.प्र .शासन के15 विभागो के प्रमुख सचिव द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इतना ही नहीं मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा उन्हें कोविड 19 में योग चिकित्सा के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मप्र शासन की ओर से सम्मानित भी किया गया है। डॉ पचौरी का योग चिकित्सा के क्षैत्र में योगदान वास्तव में अदभुत अद्वितीय है आप अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल एवं म.प्र . पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल में योग विशेषज्ञ के रूप में अध्धयन मंडल में सदस्य , पेपर्स सेटर, मूल्यांकन कर्ता तथा अनेक संस्थाओं के निरीक्षण समिति में शामिल रह कर काम करते रहे हैं। डॉ पचौरी ने बताया कि उनके द्वारा ओपीडी में आने वाले रोगियों को निशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा के साथ साथ योग थैरेपी/ चिकित्सा का लाभ प्रतिदिन रोगीयो को उपलब्ध कराया जा रहा है,उनका उद्देश्य पीड़ित मानवता की सच्ची सेवा करना हैं। तथा ओपीडी में आने वाले रोगियों को कम से कम समय में शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। दोनों पैथी(होम्योपैथी और योगा थैरेपी) का मरीज के ऊपर एक साथ उपयोग करने से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की सम्भावना बढ़ जाती है।

होम्योपैथी चिकित्सा का सिद्धांत जीवनी शक्ति पर आधारित है। इसी प्रकार योग चिकित्सा का सिद्धांत प्राणशक्ति पर आधारित है। इस तरह दोनों ही चिकित्सा पद्धति मेएक रूपता होने से एक साथ रोगियों पर उपयोग करने पर आरोग्य शक्ति बढ़ जाती है तथा रोगी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।जेसै---असथमा के मरीज को होम्योपैथी औषधि के साथ साथ योग थैरेपी में कपालभाति, वस्त्र धौति किर्या तथा भास्तिरका प्राणायाम के उपयोग से शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

इसी प्रकार उच्च रक्तचाप के मरीज को यदि होम्योपैथी औषधि के साथ सीत्कारी और शीतली प्राणायाम करने पर जल्दी ही आरोग्य की स्थिति प्राप्त होती है।

मधुमेह के रोगियों को औषधि के साथ साथ कपालभाति प्राणायाम मत्स्येंद्रासन और वक्रासन करने पर लाभ अधिक मिलता है।

# भारतीय सेना का आभार व्यक्त कर मनाया विजय उत्सव



**भोपाल।** सेवानिवृत अर्द्ध शासकीय अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के महासचिव अरुण वर्मा ने बताया कि पहलगाँव जम्मू कश्मीर मे हुए हमला के विरोध मे भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान मे घुसकर आतंकवादियों एवं आतंकी ठिकानो को नष्ट किया तथा भारत माता एवं भारत वासियों का मस्तक ऊँचा किया इस अवसर पर पर्यावास भवन के समाने भारतीय सेना का आभार व्यक्त किया गया साथ ही विजय उत्सव मनाया गया मिठाई बांट कर विजय उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर मे भारी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी देश भक्त समाजसेवी उपस्थित रहे। देश भक्त एवं समाजसेवी कर्मचारी हितैषी वरिष्ठ कर्मचारी नेता अनिल बाजपेई एवं अरुण वर्मा ने समस्त कर्मचारियों एवं देश भक्त समाजसेवियों पुलिस प्रशासन एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया ।

## बाल अभिव्यक्ति शिविर में अतिथियों द्वारा की गई प्रशंसा, विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह

**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 475 बच्चे अलग-अलग एक्टिविटी में भाग लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। बुधवार को शिविर का अवलोकन करने हेतु चन्द्र इसरानी, नवयुवक सभा स्कूल के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, के.टी शाहनी स्कूल प्राचार्य, उपप्राचार्य और बड़ी संख्या में शिक्षकों ने विद्यालय पधारकर शिविर का अवलोकन किया उन्होंने इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखरता है। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उन्नयन तथा समय के उचित सदुपयोग के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को ऐसे शिविर में भाग लेकर अपनी कलाा को निखारना चाहिए।दीपा आहूजा ने शिविर के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक योगा, खेलकूद, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रातः 8 से 11 बजे तक चित्रकला, मेंहदी, कम्पयूटर, कुकिंग, कैलीग्राफी, हस्त लेखन, संगीत, नृत्यकला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटिशियन, अंग्रेजी स्पोकन तथा अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा हैं। प्रातः 11 से 12 बजे तक पुस्तकालय सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं।

# वन अधिकार अधिनियम 2006 पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** अपर मुख्य सचिव वन अशोक वर्णवाल ने कहा है कि वन अधिकार अधिनियम की मंशा के अनुरूप वनवासियों को उनकी भूमि के वाजिब हक मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। वनग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय के साथ काम कर वन ग्रामों का सीमांकन वर्षा शुरू होने से पहले कराने के निर्देश दिए। वर्णवाल ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 को जमीन पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए समुदाय की भागीदारी अनिवार्य है, इसलिए उनके लिए वन अधिकारों के प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाएँ।

अपर मुख्य सचिव वर्णवाल ने व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार एवं सामुदायिक अधिकारों की मान्यता हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। भोपाल आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में संभाग स्तरीय वन अधिकार समितियों का प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संभागायुक्त भोपाल संजीव सिंह, संचालक जनजाति क्षेत्रीय विकास योजना श्रीमती वंदना वैद्य, मुख्य वन संरक्षक राजेश कुमार खरे, उपायुक्त विकास भोपाल संभाग डॉ. विनोद यादव, एटीआरईई संस्था के डॉ. शरद लेले आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के सीईओ, वन मंडलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। वर्णवाल ने स्पष्ट किया कि राज्य में वन अधिकारों को जमीनी स्तर पर लागू करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं सहयोग समयबद्ध रूप से मुहैया कराया जाएगा। आयुक्त संजीव सिंह ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम की भावना के अनुरूप हमें वनों में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों को, जो वन अधिकारों का उपयोग नहीं कर रहे, उन्हें जागृत करना है और उनके वन अधिकारों को मान्यता देना है । उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम का मुख्य उद्धेश्य अनुसूचित जनजातियों और पीढ़ियों से वनों में निवास करने वाले अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकारों एवं वन भूमि के उपभोग को सुनिश्चित करना, जैव विविधता का संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना और अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों की खाद्य सुरक्षा एवं आजीविका सुनिश्चित करना है।

# भोपाल सेंटर पर पहुंचे सैकड़ों अभ्यर्थी परेशान

## मप्र चयन मंडल की परीक्षा स्थगित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा 15 मई को समूह 1- उप समूह 3 की संयुक्त परीक्षा 2024 आयोजित की गई थी। प्रथम पाली के कैंडिडेट सुबह सुबह 8 बजे से परीक्षा केंद्र में सभी फॉर्मेलिटीज पूरी करने के बाद एग्जाम देने की तैयारी में थे। सुबह 9:00 से उन्हें परीक्षा के लिए आईडी पासवर्ड संबंधित केंद्र द्वारा दिया जाना था।






ढाई घंटे इंतजार करने के बाद करीब 11:30 बजे कैंडिडेट्स को कहा गया कि आज परीक्षा नहीं होगी। इसके बाद जब उनके द्वारा विरोध जताया गया तो उन्हें मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल का एक नोटिफिकेशन दिखाया गया। जिसमें समूह एक- उप समूह तीन संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 की प्रथम पाली को तकनीकी समस्या का कारण बताते हुए स्थगित करने की बात कही गई। मामले में मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा अब तक कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है।

कैंडिडेट रुचि शर्मा ग्वालियर से परीक्षा देने भोपाल आई थी। उन्होंने बताया कि उनके साथ सेंटर पर करीब 400 लोग थे, जिसमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल थी। जो सतना, रीवा, मुरैना समेत अन्य दूर दराज के इलाकों से भोपाल भर्ती परीक्षा के लिए आए थे। परीक्षा न होने से इन सभी को परेशानी का सामना करना पड़ा है।


भोपाल के अभिषेक तिवारी ने कहा, परीक्षा का ऐसे बार-बार स्थगित होना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। चयन मंडल को यह साफ करना होगा कि यह परीक्षा में तकनीकी कारण की मुख्य वजह क्या है। पेपर लीक हुआ है या साइबर हैक के कारण पेपर स्थगित किया है।

## भोपाल एवं सीहोर जिले की नवांकुर संस्थाओं का नर्सरी प्रशिक्षण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला भोपाल और सीहोर का समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का एक दिवसीय नर्सरी प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को अहमदपुर रोपणी, वन विभाग भोपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड, एस. सी. जैन से.नि. अधिकारी वन विभाग, संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, राहुल रघुवंशी एसडीओ वन विभाग,जिला समन्वयक श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी, श्रीमती पारुल उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने नवांकुर संस्थाओं से अपने कार्यक्षेत्र में आदर्श नर्सरी स्थापित करने और नवांकुर वाटिका तैयार करने के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि हमे पौधरोपण के लिये पर्याप्त पौधे उपलब्ध हो सकें इसके लिए एक अच्छी नर्सरी होना आवश्यक है। नर्सरी स्थापित होने से संस्थाएं इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेंगी। पौधे तैयार करने में हम अपने कार्यक्षेत्र में वृक्षसखी बनाकर समाज के सहयोग से भी यह कार्य कर सकते हैं।राहुल रघुवंशी वन विभाग द्वारा अपने विभाग के माध्यम से स्थापित नर्सरी के विषय में आवश्यक जानकारियां प्रदान की गई।

## समर्पण केवल शब्दों में नहीं, जीवन के हर कर्म में झलकना चाहिए: सतगुरु माता सुदीक्षा



**संत हिरदाराम नगर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस के अवसर पर युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में एक भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता के दिव्य सान्निध्य में आयोजित इस समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन सहभागिता की। भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में समर्पण दिवस मनाया गया। बैरागढ़ ब्रांच में भोपाल जोन के जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा की उपस्थिति में सत्संग संपन्न हुआ। इस दौरान बैरागढ़ ब्रांच संयोजक महात्मा महेश वीधानी सहित सेवा दल के लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। समर्पण दिवस के अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने वर्चुअल सत्संग में श्रद्धालुओं को संबोधित किया कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम, त्याग, सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था। ऐसा ही भक्ति समर्पण वाला जीवन हम सभी का हो यह समर्पण केवल शब्दों तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन के व्यवहार में उतरे। सतगुरु माता ने स्पष्ट किया कि सच्चा आदर और प्रेम केवल वाणी से नहीं, बल्कि कर्मों से प्रकट होता है। यदि हम बाबा की शिक्षाओं को केवल सोशल मीडिया तक सीमित रखते हैं, तो वह सच्चा समर्पण नहीं। समर्पण का

# शाला पूर्व शिक्षा सेमिनार बच्चों की मजबूत बुनियाद गढ़ने की पहल

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास विभाग, फंदा परियोजना और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन (फंदा ग्रामीण) के संयुक्त तत्वावधान में बैरागढ़ स्कूल में एक दिवसीय शाला पूर्व शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना की 18 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में 3-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए की जा रही शैक्षिक गतिविधियों, नवाचारों और अनुभवों को पेपर के माध्यम से प्रस्तुत किया।कार्यकर्ताओं की प्रस्तुतियों में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक -भावनात्मक, सौंदर्यबोध और भाषायी विकास के पांच प्रमुख क्षेत्रों में किए गए कार्यों की सराहनीय झलक देखने को मिली। लगभग 150 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम में रही।



आईसीडीएस परियोजना अधिकारी सुश्री कोमल सिंह ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा ॐशाला पूर्व शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित होता है, बल्कि यह उनकी आगे की शिक्षा की ठोस नींव भी रखता है।ॐ उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र में शाला पूर्व शिक्षा का लाभ हर बच्चे तक पहुंचे, ताकि शिक्षा की बुनियाद और अधिक सशक्त हो सके। इन प्रयासों से न केवल बच?चों के नामांकन दर में वृद्धि हो रही है, बल्कि बच्चों का बौद्धिक विकास भी सुदृढ़ हो रहा है।

डाइट प्राचार्य सुभाष गुप्ता ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण है, वे बच्चों की प्रारंभिक समझ और जिज्ञासा की दिशा तय करती हैं। उन्होंने सेमिनार में प्रस्तुत किए गए अनुभवों को शैक्षिक सुधार की दिशा में मील का पत्थर बताया। इस प्रकार के आयोजनों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नवाचार और सृजनशीलता के नए अवसर प्राप्त होते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के ब्लॉक समन्वयक श्री सिद्धार्थ कुमार जैन ने कहा कि ॐइन प्रयासों से बच्चों में सीखने की रुचि और उनकी सामाजिक- मानसिक क्षमताओं का विकास हो रहा है। यह मंच कार्यकर्ताओं के लिए नवाचार और अनुभव साझा करने का एक सशक्त अवसर है।ॐ उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों को शैक्षिक गतिविधियों का एक सशक्त केंद्र बनाने की दिशा में और प्रयास करने की बात कही। सेमिनार के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि किस तरह खेल, कहानियाँ, कला और रचनात्मक गतिविधियों के ज़रिये बच्चों में सीखने की क्षमता और भागीदारी को बढ़ाया जाता है। सेक्टर मीटिंग्स को उन्होंने अपने शिक्षण दृष्टिकोण को समृद्ध करने वाला मंच बताया। सेमिनार के अंत में सभी वक्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानस्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र सीडीपीओ सुश्री कोमल सिंह और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला समन्वयक परेश पंड्या द्वारा वितरित किए गए। इस अवसर पर शाला पूर्व शिक्षा के विभिन्न आयामों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें टीएलएम, कहानी- कविता पोस्टर, पोर्टफोलियो और बच्चों की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गईं। सेमिनार की शुरुआत में पेपर प्रस्तुत करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का बैच लगाकर सुपरवाइजर सुषमा पाटीदार, मंजूषा राज, मृदुला सक्सेना, सागर मेवाडा, मधु मिश्रा, रजनी गुप्ता ने अभिनंदन किया गया।

## ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने शानदार सीबीएसई ग्रेड 10 के नतीजों का जश्न मनाया




**भोपाल।** भारत की अग्रणी के12 स्कूल श्रृंखलाओं में से एक, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने सीबीएसई ग्रेड 10 बोर्ड परीक्षाओं में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ एक बार फिर एक बेंचमार्क स्थापित किया है। ग्रेड 10 में, शीर्ष सम्मान प्राप्त किया गया चिन्मय चौधरी (91.8प्रतिशत), ओमेंद्र चंदेल (90.6प्रतिशत), और प्रीति धाकड़ (90.2प्रतिशत) होशंगाबाद परिसर से. ये छात्र अनुकरणीय शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए ऑर्किड भोपाल से शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरे हैं। उपलब्धियों के बारे में बताते हुए स्कूल टॉपर मो चिन्मय चौधरी से कक्षा 10, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, होशंगाबाद कैंपस, ने कहा पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों को हल करने से मुझे परीक्षा पैटर्न और समय प्रबंधन पर स्पष्टता मिली। मैं विशेष रूप से अपने स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक का आभारी हूं जिन्होंने हमारे लिए अतिरिक्त अभ्यास सामग्री तैयार की, और मेरे माता-पिता का जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि मैं अपने सुबह के पुनरीक्षण सत्र को कभी न चूकूं - जो मेरे दिन का सबसे उत्पादक हिस्सा है। ऑर्किड में नियमित यूनिट परीक्षणों ने मुझे लगातार तैयार रखा, जबकि उचित पोषण और जलयोजन पर मेरे माता-पिता की मदद ने मेरी शारीरिक और मानसिक ऊर्जा के स्तर को बनाए रखा।

सांध्यप्रकाश विशेष

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अतिरेक और बदजुबानी मौलिक अधिकार नही

### बदजुबानी गंभीर दंडनीय अपराध हो



त्वरित टिप्पणी
जी. के. छिब्बर

विश्व में संभवता भारत है ऐसा देश है जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सबसे अधिक होता है और यह शर्मनाक स्थिति तब होती है जब हमारे देख के राजनेता विधायक सांसद मंत्री बदजुबानी करते है अभद्र टिप्पणी करते हैं भारत के सेनाध्यक्ष को गुंडा कहते है सेना पर सवाल उठाते है प्रधानमंत्री को नीच कहते है रावण कहते है इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कहते है जिसका असर यह हो रहा है की बदजुबानी और अभद्र टिप्पणी करना मौलिक अधिकार बन गया है अभिव्यक्ति का अतिरेक उतना हो गया की मध्यप्रदेश के मंत्री ने जब कर्नल सोफिया कुरैशी के विरुद्ध बदजुबानी और अभद्र टिप्पणी को तो मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ल ने स्वमेव संज्ञान लेकर बदजुबान मंत्री पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152 196(1) (बी ) और 197 (1) (सी) के अंतर्गत अपराध 4 घंटे में दर्ज करने के आदेश दिए हैं जो स्वागत योग्य है जब हमारे देश के जनप्रतिनिधि ही अपनी भाषा की मर्यादा नही करेंगे असंगत एवम अभद्र भाषा का प्रयोग करने तो यह क्या आदर्श स्थिति है चिंता का विषय है यह भी दुर्भाग्य पूर्ण है की प्रधानमंत्री की बोटी बोटी काटने की बदजुबानी करने वाले देश की संसद के लिए जनता चुनकर भेजती है देश को वोट बेंक की राजनीति ने यह दशा उत्पन्न की है बदजुबान नेताओं पर त्वरित कार्यवाही नही होती जो गंभीर चिंतन का विषय है।

# मंत्री विजय शाह पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी रहेगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



इंदौर के मानपुर थाने में मंत्री विजय शाह के खिलाफ रात 12 बजे के पहले गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसपी इंदौर ग्रामीण हितिका वासल ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश के बाद बुधवार रात को शुरू हो गई है। जानकारों के मुताबिक, अपराध का घटनास्थल क्योंकि मानपुर थाना क्षेत्र था, इसलिए यहां केस दर्ज किया गया है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कैबिनेट मंत्री विजय शाह के बयान के संदर्भ में कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

**इन धाराओं में दर्ज हुआ केस:** जबलपुर हाईकोर्ट ने इस मामले में डीजीपी को जहां शाम तक केस दर्ज करने के आदेश दिए वहीं साथ ही धाराएं भी बताई हैं। इसमें बीएनएस की धारा 152 सबसे गंभीर है जिसमें सात साल की सजा है। यह सजा उन व्यक्तियों को दी जाती है जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्य करते हैं, या अलगाव या अलगाववादी आंदोलन को भड़काने का प्रयास करते हैं। इस मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटकी रहेगी। इसके साथ ही उन पर बीएनएस धारा 196 (1) (बी) जिसमें 3 साल तक का कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकती है। और धारा 197 BNS होगी इसमें भी तीन साल तक की सजा है। हालांकि बाकी दोनों धाराएं जमानती है लेकिन धारा 152 गंभीर है।

### हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में दिए गए विवादित बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए साफ कर दिया कि ऐसे विवादित बयान मंत्री पद की गरिमा के अनुकूल नहीं हैं। मामले में 16 मई को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आप किस तरह का बयान दे रहे हैं? आप मंत्री हैं और मंत्री होने के नाते ऐसी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। यह मंत्री पद को शोभा नहीं देता। उन्होंने आगे कहा कि जब देश संवेदनशील स्थिति से गुजर रहा हो, तब ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति से अनुचित बयान की अपेक्षा नहीं की जा सकती। मुख्य न्यायाधीश ने मंत्री से यह भी पूछा, क्या आप जानते हैं कि आप कौन हैं? इस पर विजय शाह के वकील ने जवाब दिया कि उनके मुवक्किल ने माफी मांग ली है और मीडिया ने बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया है।

### शाह की बदजुबानी पर पूर्व मंत्री उषा ठाकुर खामोश रही




मानपुर में तालाब खुदाई के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंच पर धार सांसद और केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, महू विधायक व पूर्व मंत्री उषा ठाकुर भी मौजूद थीं। हालांकि जब विजय शाह का उद्बोधन हुआ था तब सावित्री ठाकुर मंच पर नहीं थी। लेकिन स्थानीय विधायक उषा ठाकुर मंत्री शाह की बदजुबानी पर हंसती रही, यह जरूर उन्होंने मर्यादा रखी कि तालियां नहीं बजाई। वहीं मंच पर इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय महू, डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक विज्ञान विवि सदस्य पूजालाल निनामा (इनकी पत्नी सोनम निनामा बाल अधिकार संरक्षण आयोग मप्र शासन में सदस्य है), महू के बीजेपी मंडल कोदिरया के अध्यक्ष महेश यादव, परशुराम मंडल महू के अध्यक्ष संजय मीणा यह सभी मौजूद थे। किसी भी नेता ने मंत्री को रोकने, टोकने की जरूरत नहीं समझी, बल्कि उनकी बातों पर मुस्कराते रहे और कुछ नेता जमकर तालियां पीटते रहे।

### कांग्रेस ने जलाया मंत्री शाह का पुतला जलाया



देश के 145 करोड़ लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं भारतीय सेना का अपमान करने के विरुद्ध पुतला दहन भारत की बेटी जिसने ऑपरेशन सिंदूर मैं पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया वह बेटी सूफिया कुरैशी के खिलाफ अपशब्द बोलने के विरुद्ध मोहन सरकार में मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया यह जानकारी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैकेनिक कामगार एवं ड्राइवर एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरवेज खान एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के से सह सचिव मोहम्मद जहीर मैं मीडिया को दी उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यदि कोई बीजेपी का मंत्री इस बहुत के साथ इन शब्दों का इस्तेमाल करता है उसे पर भी तत्काल में कार्यवाही सजा के दंडित में होनी चाहिए इस अवसर पर कई समाजसेवी इमरान खान सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## प्रलय श्रीवास्तव ने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के कुलगुरु को पुस्तक भेंट की



**भोपाल।** लेखक और पूर्व संयुक्त संचालक जनसंपर्क विभाग प्रलय श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु (वॉइस चांसलर ) श्री विजय मनोहर तिवारी को अपनी पहली पुस्तक मध्य प्रदेश में चुनाव और नवाचार की प्रति भेंट की। प्रलय श्रीवास्तव लगभग 10 वर्ष चुनाव आयोग के अधीन मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में कार्यरत रहे हैं। उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया की विशेषता के लिए भी जाना जाता है। प्रलय श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक में उल्लेखित विषयों के संबंध में श्री विजय मनोहर तिवारी को जानकारी दी । विजय मनोहर तिवारी ने पुस्तक की सराहना करते हुए उसमें संदर्भित सामग्री, अनुभव व नवाचार पर आधारित लेख और निर्वाचन के इतिहास को उपयोगी बताया तथा पुस्तक की रचना के लिए प्रलय श्रीवास्तव को बधाई दी ।

### संयुक्त राज्य अमेरिका में हर वर्ष 11 नवंबर को मनाया जाता है Veterans Day

संयुक्त राज्य अमेरिका में हर वर्ष 11 नवंबर को Veterans Day मनाया जाता है। अर्थात 11 नवंबर को हर वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका में राजकीय अवकाश रहता है। यह अवकाश उन अमेरिकन नागरिकों को सम्मान देने के लिए रहता है, जिन्होंने सशस्त्र बलों में काम कर सम्मान सहित सेवानिवृत्ति पाई हो। मेरे व्यक्तिगत मत से भारत में भी इस तरह का एक दिन हर साल मनाया जाना चाहिए जिसमें सशस्त्र बलों में काम कर चुके नागरिकों का सार्वजनिक सम्मान किया जाए। शायद ऐसा किए जाने पर आम भारतीय और राजनेतागण शांति काल में भी हमारे जांबाज सशस्त्र बलों को सम्मान की दृष्टि से देखना सीख जाएंगे। अगर आप मेरे विचार से सहमत हैं तो इस विचार को वायरल करिए ताकि हमारे देश में भी सेवानिवृत्त सशस्त्र बलों के अधिकारियों, सैनिकों के सम्मान में वर्ष का कोई एक दिन इनकी देश के प्रति सेवाओं के लिए समर्पित रहे।

जय हिंद अशोक बरोनिया

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के हमेशा साथ है सरकार: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गोटेगांव में हुआ 218 जोड़ों का सामूहिक विवाह, वर्चुअली सहभागिता कर वर-वधुओं को दिया आशीर्वाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विवाह हमारी संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हमारे समाज और परिवार का आधार है। सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग के प्रतीक हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के साथ हमारी सरकार दोस्त बनकर हमेशा साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नरसिंहपुर जिले के नई कृषि उपज मंडी प्रांगण, गोटेगांव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली सहभागिता कर संबोधित कर रहे थे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 218 जोड़े (216 कन्याओं का विवाह और 02 बेटियों का निकाह) परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार माताओं, बहनों और बेटियों के हितों की रक्षा के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बहन, बेटियों के लिए हमने अपने सालाना बजट में 27 हजार 147 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रदेश में ग्रामसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति है। शासकीय नौकरियों में हमने महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान किया है। प्रदेश में 40 प्रतिशत से अधिक स्टार्ट-अप्स का संचालन महिलाएं कर रही हैं। बीते वर्षों में 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से करीब 62 लाख ग्रामीण बहनें आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। यह हमारे लिये गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए कहा कि 16 संस्कारों में सबसे सुंदर संस्कार पाणिग्रहण संस्कार है। विवाह 2 परिवारों का और 2 संस्कारों का भी मिलन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का उद्देश्य न केवल बेटियों को सम्मानपूर्वक विदा करना है, बल्कि उनके जीवन की नई शुरुआत को आर्थिक संबल सशक्त आधार देना भी है।

सम्मेलन को गोटेगांव विधायक महेन्द्र सिंह नागेश ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, समाजसेवी रामस्नेही पाठक, महंत पीतम पुरी, दादूराम पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिगण, वर-वधू एवं बड़ी संख्या में उनके परिजन एवं नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी कि आगामी 26, 27 एवं 28 मई को जिला मुख्यालय में नरसिंहपुर में विशाल कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। 26 मई को वे स्वयं नरसिंहपुर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कृषि मेले में कृषि आधारित उद्योगों के बारे में जानकारी के अलावा दुग्ध उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, शाक-सब्जी उत्पादन, श्रीअन्न उत्पादन, उद्यानिकी, बागवानी, उन्नति किस्म के बीज, खाद, उर्वरक की जानकारी सहित उन्नत कृषि उपकरणों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान हिरासत से बीएसएफ के जवान की वापसी पर प्रसन्नता व्यक्त की

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भूलवश सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंचे बीएसएफ कांस्टेबल पूर्णम कुमार शॉ के सकुशल भारत लौट आने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। 23 अप्रैल को सीमा पार पहुंचे बीएसएफ कांस्टेबल पाक हिरासत में थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ रही कूटनीतिक शक्ति से दुश्मन देश सहित सम्पूर्ण विश्व परिचित है। यही हमारा सशक्त नया भारत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस घटना के पहले पाकिस्तान को भारतीय वायु सेना के पायलट विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को भी छोड़ना पड़ा था।

## एक बेटी का कन्यादान यज्ञ के समान होता है, जैसीनगर में तो महायज्ञ हो गया है: खाद्य मंत्री राजपूत



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द्र सिंह राजपूत ने कहा जाता है कि एक बेटी का कन्यादान अगर कोई कर दे तो उसे यज्ञ का पुण्य मिलता है। जैसीनगर में बुधवार को आयोजित कन्यादान योजना में 600 से अधिक बेटियां हैं, जिनका कन्यादान हम ले रहे हैं, जो कि महायज्ञ के समान है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से बेटियों के पिता की चिंताएं दूर हुई हैं, इस योजना ने बेटियों के पिता के माथे का पसीना पोंछने का काम किया है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं शादी समारोह एक महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री राजपूत ने यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह में व्यक्त किये। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जैसीनगर में यह शादी समारोह एक महापर्व की तरह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पहले बेटियां बोझ समझी जाती थीं, लेकिन राज्य सरकार अब बेटियों के जन्म से लेकर शादी तक पूरा खर्च वहन करती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महिला सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे लगातार प्रयासों से हमारी बेटियां वरदान बन गई हैं। मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत तथा मंच पर सभी अतिथियों ने वैवाहिक जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर मंगलकामनाओं के साथ उन्हें विवाह की शुभकामनाएं दी।

### पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के पुत्र गगन का निधन



**भोपाल।** पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के पुत्र गगन वर्मा का आज अचानक निधन हो गया। उन्होंने मात्र 47 वर्ष की आयु में इस संसार को अलविदा कह दिया। गगन वर्मा पिछले 25 वर्षों से एक गंभीर दुर्घटना के बाद शारीरिक रूप से अक्षम थे और व्हीलचेयर पर जीवन बिता रहे थे। उनकी तबीयत बीते कुछ महीनों से लगातार बिगड़ती जा रही थी। गगन वर्मा की अंतिम यात्रा आज 15 मई 2025, गुरुवार को दोपहर 3 बजे उनके निज निवास 122, पलसीकर कॉलोनी से शुरू होगी। यह यात्रा पिपलियापाला स्थित रीजनल पार्क मुक्तिधाम तक जाएगी, जहाँ उनका अंतिम संस्कार संपन्न किया जाएगा। इस मौके पर परिवार, मित्रगण, राजनेता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद रहेंगे। गगन वर्मा के निधन पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी समेत कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। पार्टी की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गईं।

## जनप्रतिनिधियों के नाम का उपयोग कर शासकीय प्रतिष्ठानों का अनुचित उपयोग दंडनीय: राज्य मंत्री पटेल

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने देवास में उनके नाम का दुरुपयोग कर शासकीय सर्किट हाउस में रुकने के प्रयास तथा हंगामा करने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा जनप्रतिनिधियों के नाम का उपयोग कर शासकीय प्रतिष्ठानों का अनुचित लाभ लेना, समाज में भ्रम फैलाना और शांति भंग करना निंदनीय और दंडनीय अपराध है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने प्रशासन को यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी जनप्रतिनिधि से जुड़ी सूचना प्राप्त होने पर उसकी पुष्टि केवल अधिकृत एवं आधिकारिक माध्यम से ही की जाए। इससे न केवल भ्रम की स्थिति से बचा जा सकेगा, बल्कि ऐसे असामाजिक तत्व प्रशासन को गुमराह कर शासकीय संसाधनों का दुरुपयोग भी नहीं कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि दिनांक 13 मई 2025 की रात्रि को तीन युवक—देवेन्द्र पटेल, मनोज कुमार पटेल एवं हरी मोहन पटेल ने मंत्री के नाम की धौंस देकर सर्किट हाउस, देवास में रुकने की जबरन कोशिश की। युवकों ने शराब के नशे में अभद्र भाषा का उपयोग कर शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने शांति भंग करते हुए खुद को मंत्री का आदमी बताकर दबाव बनाने की कोशिश की। राज्य मंत्री श्री पटेल ने उक्त मामले में प्रशासनिक सजगता की सराहना की है और संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। थाना नाहर दरवाजा पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सुनील अग्रवाल बने मप्र कैट के अध्यक्ष



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कैट का अध्यक्ष सुनील अग्रवाल को बनाए जाने पर उनके शुभ चिंतकों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## अभाविप ने किया बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजाति छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा का आयोजन

### छात्रों का उच्च शिक्षा मंत्री से संवाद एवं विधानसभा का भ्रमण






**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर 12 से 14 मई 2025 तक भोपाल में 'जनजाति छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा' का आयोजन किया गया। यह तीन दिवसीय यात्रा जनजातीय छात्रों को भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और शैक्षणिक विरासत से जोड़ने का प्रयास है, जो उन्हें आत्मविकास, नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की दिशा में प्रेरित करती है।

यात्रा के पहले दिन प्रतिभागी छात्रों ने मैनिट, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, जनजातीय संग्रहालय और पीपुल्स मॉल का भ्रमण किया। इन स्थलों से छात्रों को तकनीकी, अकादमिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों की समृद्ध जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव से छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रप्रेम की भावना का भी विकास हुआ। यात्रा के दूसरे दिन उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार से संवाद किया। छात्रों ने मध्यप्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया जिसमें अपर मुख्य सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने विधानसभा के कार्य की चर्चा की। इसके अलावा स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी का भी भ्रमण किया गया, जिसमें अलग-अलग स्किल एजुकेशन की जानकारी ली। छात्रों ने मंत्री जी से समस्याओं और शिक्षा संबंधी चुनौतियों पर खुलकर प्रश्न किए।

प्रांत मंत्री श्री केतन चतुर्वेदी ने कहा अभाविप सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। 'जनजाति छात्र अध्ययन अनुभव यात्रा' न केवल छात्रों को भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ने का काम करेगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक चेतना भी विकसित करेगी।

इस यात्रा के माध्यम से ऐसे विद्यार्थी जो कभी भोपाल नहीं आए इसे विद्यार्थियों को देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों का एक एक्सपोजर मिला है जो आने वाले भविष्य में उनको राष्ट्रीय संस्थानों में एडमिशन लेने की प्रेरणा प्रदान करेगा और उनके जीवन पर सकारात्म प्रभाव इस यात्रा से होने वाला है । समापन समारोह में छात्रों ने कहा इस एक्सपोजर विजिट से अपनी संस्कृति को जाना है। पहले की जनजातीय पहचान जानने का मौका मिला। इस विजिट ने हमको अपने आप को निखारने का मौका दिया है। समापन भाषण में प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे ने कहा किअभाविप एक दिशा देने वाला ऑर्गेनाइजेशन है। एबीवीपी दिशा देने का काम 75 सालों से कर रही है। बहुत से लोग भाषा, रंग, संस्कृति के आधार पर भारत को तोड़ने का प्रयास करते रहे, परन्तु असफल रहे।

भारत के अंदर 'सर' बोलने की परंपरा अंग्रेजों ने थोपी, यह आज जनजातीय क्षेत्र में भी पहुंच रही है जिससे जनजातीय संस्कृति खतरे में है। भारत को एक करने का काम हम सब कर रहे हैं।

जनजाति छात्र अध्ययन यात्रा का मतलब है कि सभी एक साथ रहकर भारत के लिए काम करें।यह एक्सपोजर विजिट एजुकेशनल संस्थानों को जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए था, जिससे वहां के छात्र भी बड़े-बड़े कॉलेजों में पढ़ सकें। एबीवीपी चाहती है कि हर गांव से ड्रस निकले, डॉक्टर निकले, इंजीनियर निकले, तब ये गांव विकसित होंगे। यह यात्रा सिर्फ दो दिन की यात्रा नहीं है। यह यात्रा जीवन में परिवर्तन की यात्रा है।

## नजरिया

# हर बार बटोरते अशालीन सुर्खियां

**-सरयूसुत मिश्रा**

एमपी के ट्राईबल मिनिस्टर फिर एक बार अशालीन और अमर्यादित सुर्खियों में हैं. आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर गोली मारी थी, तो संसदीयवादी विजय शाह धर्म की बोली दाग रहे हैं .!! यह पहला अवसर नहीं है जब उन्होंने अशालीनता की हदें पार की है. जब भी उन्हें मीडिया में सुर्खियां मिली हैं, तब उनके ऐसे ही विचारों और आचरण के कारण संभव हुआ है. उनकी मनुष्यता शायद राजनीति प्रेरित है. उनकी सबसे बड़ी खूबी यही है, कि वे चुनाव नहीं हारते, लेकिन सबसे बड़ी कमजोरी यह है, कि वे कभी शालीनता की परवाह नहीं करते. ऐसा कहा जाता है, कि वह एक ट्राइबल समाज के राजा है. डेमोक्रेसी में यही उनकी ताकत है. इसी ताकत को चुनाव और पार्टी में हमेशा भुनाते रहते है. ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कर्नल सोफिया कुरैशी से जुड़ा उनका वक्तव्य ना केवल निंदनीय है, बल्कि विभाजनकारी भी है. ऑपरेशन सिंदूर पर जब पूरा राष्ट्र एकजुट है, इस मामले में ना कोई धर्म है और ना ही कोई वर्ग है. इसमें कोई राजनीति भी नहीं है. राजनीति में भी आम सहमति है और सभी धर्म और समाज राष्ट्र धर्म पर एक साथ खड़े ह। ट्राईबल मिनिस्टर ने शायद पीएम नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन या तो सुना नहीं होगा या उसको गंभीरता को समझा नहीं होगा. गोली और बोली ऐसे ही है जो एक बार निकल गई तो फिर उनको पकड़ा नहीं जा सकता. माफी भी उस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती जो बोली दागने के साथ हो गई है.


मिनिस्टर का पद एक शपथ के साथ शुरू होता है. इस शपथ में सभी वर्ग और धर्म के लोगों के साथ न्याय और सेवा का संकल्प होता है. जब यह शपथ टूटती है, तो केवल मर्यादा नहीं टूटती, बल्कि भारत का संविधान भी टूटता है. अपराध जगत में आदतन अपराधियों को ज्यादा दंड की भावना है. गलती एक बार होती है, जब इसी तरह की गलती बार-बार दोहराई जाती है, तो वह आदतन अशालीन आचरण का आरोपी हो जाता है. विजय शाह तो इस मामले में इतने दुस्साहसी कहे जा सकते हैं कि उन्होंने अपने ही मुख्यमंत्री की पत्नी के साथ अशालीन बातचीत की थी, जिसके कारण उनको मंत्री पद से हटा दिया गया था. बाद में राजनीतिक रस्साकसी चली तो उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया था, लेकिन यह रहस्य अभी भी बना हुआ है कि जिस अपमान के लिए उन्हें मंत्री पद से हटाया गया था फिर दोबारा उन्हें वह पद किन परिस्थितियों में दिया गया. सोफिया कुरैशी के मामले में उनकी टिप्पणी पर भी देशव्यापी प्रतिक्रिया हो रही है. विरोधी दल के रूप में कांग्रेस की प्रतिक्रिया तो स्वाभाविक है, लेकिन उनके दल के लोग भी इस मामले में उनका समर्थन नहीं कर सकते. बीजेपी संगठन की ओर से उन्हें फटकारा गया है. ऐसा भी कहा जा रहा है, कि मुख्यमंत्री और पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने भी ट्राइबल मिनिस्टर के इस आचरण को गंभीरता से लिया है. पार्टी द्वारा उन पर एक्शन की भी उम्मीद की जा रही है.

विजय शाह की सबसे बड़ी ताकत ट्राइबल होना है. जाति और धर्म की राजनीति हर पार्टी में सच्चाई बनी हुई है. जात-पात की राजनीति के लिए भले ही राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते हैं, लेकिन कोई भी राजनीतिक दल इससे अछूता नहीं है. विजय शाह के मामले में हर बार बीजेपी शायद इसीलिए कमजोर पड़ जाती है, कि उसे ऐसा लगता है, कि आदिवासी समाज में इसका नुकसान हो सकता है. इसी डर का फायदा विजय शाह अब तक उठाते रहे हैं, जबकि आदिवासी समाज में अब तो बहुत शिक्षित और शालीन व्यक्तित्व उपलब्ध हैं, लेकिन स्थापित राजनेता नया नेतृत्व उभरने में अपने हित को देखते हुए बाधा पैदा करते ह। बीजेपी ऐसा दावा करती है, कि नया नेतृत्व को उभारना उनकी सतत प्रक्रिया है. लेकिन इसके वास्तविक परिणाम तो आकर्षक नहीं दिखाई पड़ते. विजय शाह की गलती पर गलती के बाद भी बीजेपी न केवल उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाती है, बल्कि मंत्री पद देने तक के लिए भी मजबूर हो जाती है.

जब कोई नेता लगातार ऐसी अशालीन और अमर्यादित व्यवहार करने का आदतन दोषी पाया जाता है और ऐसे नेता को हर बार बचने का मौका मिल जाता है, राजनीतिक दल उस पर कोई भी कठोर कार्रवाई करने में सफल नहीं हो पाता, ऐसी परिस्थितियों में ऐसा व्यक्तित्व फिर ऐसी गलतियां ऑटोमेटिक करने लगता है. उसे लगता भी नहीं कि वह कोई अशालीन काम कर रहा है. जब उसे इस बात की निश्चिंतता है कि वह कुछ भी करेगा तो उसे दंड मिलना संभव नहीं है. क्योंकि उसके पास पार्टी के वोट को प्रभावित करने का एक सामाजिक हथियार है. विजय शाह लंबे समय से मंत्री के पद पर बने हुए है. उन्हें किसी अच्छे काम के कारण अब तक शायद ही सुर्खियां मिली है. जब भी वह मीडिया की सुर्खियों में आए हैं, तब कोई ना कोई ऐसा अमर्यादित व्यवहार उन्होंने किया है, जो क्षम्य नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी वह हर बार बचकर निकल जाते है. देश की राजनीति में बीजेपी ने जो एक अलग मुकाम बनाया है, देश का विश्वास प्राप्त किया है, उस पर ऐसे नेताओं के अशालीन व्यवहार से चोट पहुंचती है. खुद को पार्टी विद डिफरेंस कहकर ऐसे आचरण को ढ़ांका नहीं जाना चाहिए. ट्राइबल समाज में भी अब प्रतिस्पर्धा की स्थिति है. फिर ऐसे व्यक्तित्व को बीजेपी को क्यों ढ़ोना चाहिए जो बार-बार उसकी छवि को नुकसान पहुंचाता है.

विजय शाह और कंट्रोवर्सी एक दूसरे के पर्याय बन गए ह। बीजेपी का अनुशासन इससे तार-तार हो जाता है. इसके बावजूद दोषी को दंड नहीं मिलता. किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह विजय का नहीं बल्कि पराजय का मार्ग है. पावर का नशा जब सिर पर चढ़ जाता है, तब ही ऐसी घटनाएं होती है. भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जितना गंभीर दिखाई पड़ता है. जमीन पर उतनी ही अगंभीर हालत चिंता पैदा करती है. पहले गाली फिर माफी यह राजनीति हो सकती है. यह समाज की जीत नहीं बल्कि राजनीति की हार ही कही जाएगी.

# प्रधानमंत्री ने किया एक नए युग का आरंभ, आतंकवाद का हो सफाया




**-सुरेश पचौरी**

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने पूरे भारत देश को झकझोर दिया। यह भारत की अंतरात्मा पर भी किया गया आक्रमण था। निर्दोष नागरिकों की उनके परिवारों के सामने हत्या, उनके धर्म के आधार पर, आतंक और क्रूरता का भयानक चेहरा था। यह देश की एकता और सौहार्द्र को तोड़ने का एक शर्मनाक प्रयास था। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं को पूरी स्वतंत्रता दी गई कि वे आतंकवादियों का खात्मा करें।

भारत द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी गई। द्विपक्षीय व्यापार निलंबित कर दिए गए। वीजा रद कर दिए गए। सिंधु जल संधि को रोक दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने से लेकर आतंकी शिविरों पर सैन्य प्रहार करने तक का हर कदम सावधानीपूर्वक, योजनाबद्ध और समयबद्ध तरीके से उठाया जाएगा। इस संदर्भ में सरकार ने रणनीतिक रूप से ऑपरेशन सिंदूर के जरिए ठोस कार्रवाई के रास्ते को चुना। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक नाम नहीं, यह देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं का प्रतीक बनकर सामने आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षामंत्री, विदेशमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीसीएस, सीडीएस एवं तीनों सेनाध्यक्षों के साथ लगातार बैठकें कर रणनीति बनाई।





6 मई की रात और 7 मई की सुबह, भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी प्रतिज्ञा को साकार किया। भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंकियों के 9 ठिकानों पर और उनके प्रशिक्षण केंद्रों पर सटीक हमला किया, जिनमें प्रमुख है- 1 सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद, 2 सैयदाना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद (जैश-ए-मोहम्मद का प्रशिक्षण केंद्र) 3 बरनाला कैंप, बीरबगढ़ 4 अब?बास कैंप, कोटली (एलईटी का फिदायीन प्रशिक्षण केंद्र) 5 सरजाल कैप, सियालकोट 6 मेहमूना जया कैंप, सियालकोट 7 गुलपुर कैंप, कोटली, 8 मरकज तैयबा, मुरीदके (26/11 के हमलावरों का प्रशिक्षण केंद्र) 9 मरकज सुभान अल्लाह, बहावलपुर (जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय) जिसे एयर फोर्स ने ध्वस्त किया।

ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के भीतर 100 किमी तक घुसकर कार्रवाई की। यह भारत की सैन्य क्षमता, राजनीतिक इच्छाशक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। मारे गए प्रमुख आतंकियों में 1 मुदस्सर कादियान उर्फ अब्बू जुंदाल (एलईटी), 2 हाफिज मोहम्मद जमील (जेईएम), 3 मसूद अजहर का साला, 4 मोहम्मद यूसुफ (खालीद अजहर उर्फ उस्ताद और आईसी-814 हाइजैकिंग का आरोपी) 5 खालिद उर्फ अब्बू अक्का खालिद (एलईटी) शामिल हैं।

भारत की मजबूत सैन्य शक्ति, भारत के मिसाइलों और ड्रोन ने पाकिस्तानी एयरबेस को भारी नुकसान पहुँचाया। भारत ने राफेल, सुखोई, ब्रह्मोस, एस-400, एस-125, स्कल्प मिसाइल, हेमर मिसाइल बम का जहाँ एक ओर इस्तेमाल किया वहीं स्वदेशी निर्मित आकाश मिसाइल, समर, नागास्त्र का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के अनेक ड्रोन्स व मिसाइल नष्ट कर दिये। डीआरडीओ के अभेद्य रक्षा कवच ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया। भारत का एयर डिफेंस सिस्टम सक्षम रहा और भारत निर्मित हथियारों और मिसाइलों की श्रेष्ठता साबित हो गई।

भारतीय सेना द्वारा सतर्कता बरती गई कि पाकिस्तान के किसी नागरिक, सैन्य और आर्थिक ठिकाने पर निशाना लगाने के बजाय सिर्फ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया जाए। इस तरह दुनिया में किसी को इसके विरोध में कुछ कहने का मौका नहीं रह गया। भारतीय सेना ने पाक के जिन नौ आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें से चार पाक अधिकृत कश्मीर में और बाकी उसके पंजाब प्रांत में स्थित थे। पाक के 11 हवाई अड्डे भारतीय सेना द्वारा मिट्टी में मिला दिए गए, जिनमें प्रमुख थे बहावलपुर, नूरखान, जैकोबाबाद, सरगोधा, मुरीद, सुक्कूर, सियालकोट, पसरूर, चुनियान, स्कारू, भुलारी।

आपरेशन सिंदूर के बाद भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बात कर पाक द्वारा पोषित आतंकवाद की जानकारी दी। उन्होनें अमेरिका, साउदी अरब, यू.ए.ई. जैसे बड़े देशों का समर्थन हासिल किया। आज पाकिस्तान कूटनीतिक दृष्टि से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग पड़ चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सक्षम रणनीति तथा भारतीय सेना के अदम्य साहस व ब्यूहरचना की वजह से पाकिस्तान चार दिनों में ही घुटनों पर आ गया। दस मई को पाकिस्तान के 11 हवाई अड्डे धुआं-धुआं हो जाने के बाद पाक सरेंडर कर सीजफायर के लिए अपने डीजीएमओ के जरिए गुहार करने लगा। भारत ने दो टूक फैसला किया कि भविष्य में अगर आतंकी हमला हुआ तो उसे एक्ट ऑफ वार माना जाएगा और उसका माकूल जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अगर पाकिस्तान को अपना अस्तित्व बचाना है, तो उसे अपने आतंकी ढांचे को खत्म करना होगा। उन्होंने भारत के अटूट संकल्प की पुष्टि करते हुए कहा कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते, टेरर और ट्रेड साथ-साथ नहीं चल सकते, और खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया है कि पाक से बातचीत का केवल एजेण्डा होगा, 'आतंकवाद की समाप्ति' और 'पाक अधिकृत कश्मीर'।

आतंकवाद के विरुद्ध भारत ने मजबूती से खड़े होकर एक सुर में बात की। जब देश एकजुट होता है और नेशन फर्स्टकी भावना से काम करता है, तो अनुकूल परिणाम सामने आते हैं। संवेदनशील रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी स्पष्ट किया कि आपरेशन सिंदूर जारी है। यह स्पष्टता, आतंकवाद से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के एक नए युग का आरंभ है।ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 12 मई को देश के नाम संदेश दिया और अगले दिन आदमपुर एयरबेस पहुंचे। आदमपुर एयरबेस पर प्रधानमंत्री मोदी का पहुंचना जहाँ वीर सेनिको की हौसला आफजाई करना था वहीं पाकिस्तान के इस दावे की भी कलई खोलना था कि आदमपुर एयरबेस को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

देश के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं हमारे देश की हर माता को, देश की हर बहन को और देश की हर बेटी को यह वीरता, साहस और पराक्रम समर्पित करता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद रोधी उपायों का नया मानक स्थापित किया है,जो नई सामान्य स्थिति को प्रकट करता है। यह भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

यह समय देश की अखण्डता, संप्रभुता का है। अत- कुछ विपक्षी राजनैतिक दलों को केवल विरोध के लिए विरोध नहीं करना चाहिए। उनका विरोध देश के विरोध में बदल जाएगा। पाकिस्तान इन्हीं लोगों के बयानों एवं सोशल मीडिया की पोस्ट को दुनिया के सामने रख भारत विरोधी प्रचार करेगा। साथ ही विदेश सचिव, उनके परिवार तथा भारतीय सेना के कुछ अधिकारियों पर अनर्गल टिप्पणी करना भी अत?यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। पाकिस्तान की सेना व आतंकवादियों द्वारा एक जैसे चीनी हथियार का उपयोग भी कई गम्भीर सवाल उत्पन्न करता है।

हाल ही में भारतीय सेना व बीएसएफ द्वारा जम्मू कश्मीर के शोपियां में तीन आतंकवादियों को ढ़ेर करना इस बात की पुष्टि करता है कि भारतीय सेना व बीएसएफ सजग व सक्षम है। आतंकवाद का सफाया करने में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संकल्पबद्धता के साथ एक नए युग का आरंभ हो गया है।

**(लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री रहे हैं)**

### विश्व परिवार दिवस

# योग में ऐसी शक्ति है जिससे लोग सकारात्मक होकर सौहार्द्रपूर्ण राष्ट्र का निर्माण करते हैं और ऐसे राष्ट्र सौहार्द्र से परिपूर्ण विश्व का निर्माण करते हैं - योग गुरु महेश अग्रवाल

## भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए आवश्यक है संयुक्त परिवार व्यवस्था

आदर्श योग आध्यात्मिक योग केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। वर्तमान में हजारों योग साधक अपनी योग साधना की निरंतरता से विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं स्वस्थ एवं सकारात्मक रहते हुए सेवा के कार्यों में लगे है एवं सयुंक्त परिवार की महत्ता को समझ रहें हैं। विश्व परिवार दिवस के अवसर पर सभी सयुंक्त परिवारों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुए योग गुरु अग्रवाल ने कहा कि योग का मतलब ही होता है सबसे जुड़ना, सबको जोड़ना, जुड़े रहना। योग हमें अपने परिवार, अपने समाज, पशु -पक्षियों और समस्त संसार के साथ एक सूत्र में जुड़े होने की अनुभूति देता है। इस प्रकार योग मैं से हम की अनोखी यात्रा है। आज व्यक्ति आधुनिक जीवन शैली से उपजी समस्याओं से ग्रस्त है। तनाव, अवसाद (डिप्रेशन), मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां धीरे-धीरे व्यक्ति को मार रही हैं। योग इन सभी बीमारियों का समाधान देते हुए मन, शरीर और बुद्धि को संतुलित कर व्यक्ति के अंतर्द्वंद्व और तनाव को खत्म कर आनंद देता है।



विश्व परिवार दिवस को मनाने की वजह आधुनिक समाज में परिवारों का विघटन है यानि जीवन में संयुक्त परिवार की अहमियत बताना है। संयुक्त परिवार से जीवन में होने वाली उन्नति के साथ, एकल परिवारों और अकेलेपन के नुकसान के प्रति युवाओं को जागरूक करना भी विश्व परिवार दिवस का मूल उद्देश्य है। जिससे युवा अपनी बुरी आदतों (धूम्रपान, जुआ) को छोड़कर एक सफल जीवन की शुरुआत कर सकें। हर साल 15 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की वैश्विक समुदाय परिवारों को जोड़ने वाली पहल के रूप में और परिवारों से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने, परिवारों को प्रभावित करने वाले आर्थिक, जनसांख्यिकीय और सामाजिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देने के लिए की गई थी। परिवार को आज भी समाज की एक मूल ईकाई माना जाता है। हर साल मई के महीने मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस को संयुक्त परिवार के महत्व और जीवन में परिवार की जरुरत को के प्रति युवाओं में जागरूकता फैलाने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है।

योग गुरु अग्रवाल ने परिवार में सामंजस्य पर कहा कि घर वही, जहां चले पत्नी की और हो पति के मन का , धैर्य , अपनापन व करुणा से बचाएं परिवार , घर में सामूहिकता के प्रयोग से बचाएं रिश्ते, परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य पर काम होना जरूरी, परिवारों को झगड़ो से बचाती है सहनशीलता, धन प्रबंधन आपसी सामंजस्य से करें, सब सदस्यों को अपने जैसा मानें, परिवार को ईश्वर द्वारा दी जिम्मेदारी समझें, प्रेम पूर्ण माहौल से अशांति मिटाएं, सबका मान करें, आपको भी मान मिलेगा, रिश्तों से जीवन में खुशियां और आनंद भरें, पारिवारिक जीवन में रिश्ते बहुत बड़ी पूंजी है, अपनों के लिए कुछ दिन अपने में सिमट जाएं , सतर्कता, स्वच्छता, और स्वास्थ्य के बंधन से बंधे रहें, जीवन में उत्साह ही समृद्धि का कारण है, तप का समय है, नादानी से बचिए , बच्चों को समझाएं खर्च और बचत , संवादहीनता से बढ़ती है कटुता , परिवार के सदस्यों से बेहतर तालमेल जरुरी , घर में प्रवेश से पहले अहंकार बाहर छोड़ दें।

विश्व परिवार दिवस पर आइए संकल्प लें... नियमित योग करेंगे, सिर्फ अपने बारे में ही सोचने के बजाय घर के दूसरे सदस्यों के बारे में भी सोचेंगे। अपने मन का न होने पर ऊंचे स्वर में बात करने के बजाय पूरे मामले को संयम व प्यार से निपटाएंगे। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी समझदारी विकसित करने का प्रयास करेंगे। बड़ों के साथ सम्मान व छोटों के साथ स्नेह से बात करेंगे। परिवार में किसी को जरूरत हो तो उसकी मदद के लिए पहल करेंगे। अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे। घर के कामों में बराबर हाथ बटाएंगे। घर में एक-दूसरे को प्रोत्साहित करेंगे। प्रोत्साहन हर इंसान के लिए जरूरी है। गुस्से को खुद से दूर रखने का हरसंभव प्रयास करेंगे।प्रेम व आत्मीयता से परिवार की नींव मजबूत करेंगे। किसी के काम में मीन-मेख निकालने से बचेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी की भूमिका पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने जो निर्लज्जतापूर्ण बयान दिया है , उसके बारे में आम आदमी का मानना है कि वह बयान सिर्फ सेना की अधिकारी सोफिया का अपमान नहीं है, भारतीय सेना और केवल नारी जाति का अपमान नहीं है अपितु वह पूरे राष्ट्र का अपमान है। अपने बोल बच्चन से भाजपा के वरिष्ठ नेता और लगातार विधायक–मंत्री बनते रहे कुंवर विजय शाह ने कुल्हाड़ी पर अपना पैर मार दिया है। उनके बयानों में प्रधानमंत्री का नाम लेकर सबसे बड़ी भूल कर दी जो उन्हें अब भारी पड़ रही है। कहा जा सकता है कि यह उनकी वह बड़ी भूल है जो उनके करियर को रसातल में ले जाएगी।

# मंत्री विजय शाह के खिलाफ हुई ,एफआईआर कॅरियर की उल्टी गिनती शुरू

**राजेश जयंत**

पिछले 2 दिन से मध्य प्रदेश की राजनीति में विवाद का अखाड़ा बने मंत्री विजय शाह के खिलाफ अंततः हाई कोर्ट के निर्देश पर आज रात मानपुर थाने में स्नङ्घक्रदर्ज हो गई है। माना जा रहा है कि अब विजय शाह का इस्तीफा कभी भी आ सकता है। और इसी के साथ विजय शाह की के केरियर की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी या यू कहा जाए कि उनका केरियर लगभग समाप्त ही हो जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी की भूमिका पर मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने जो निर्लज्जतापूर्ण बयान दिया है , उसके बारे में आम आदमी का मानना है कि वह बयान सिर्फ सेना की अधिकारी सोफिया का अपमान नहीं है, भारतीय सेना और केवल नारी जाति का अपमान नहीं है अपितु वह पूरे राष्ट्र का अपमान है। अपने बोल बच्चन से भाजपा के वरिष्ठ नेता और लगातार विधायक-मंत्री बनते रहे कुंवर विजय शाह ने कुल्हाड़ी पर अपना पैर मार दिया है। उनके बयानों में प्रधानमंत्री का नाम लेकर सबसे बड़ी भूल कर दी जो उन्हें अब भारी पड़ रही है। कहा जा सकता है कि यह उनकी वह बड़ी भूल है जो उनके करियर को रसातल में ले जाएगी।

इस प्रकरण में पार्टी की भी किरकिरी हुई है। मध्य प्रदेश के साथ ही पूरे राष्ट्र में इस बात को लेकर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि अब तक किसी भी बड़े भाजपा नेता या संगठन की तरफ से विजय शाह को लेकर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं आईक्यों अभी तक उन पर कोई एक्शन नहीं लिया गयाज्?

आपत्तिजनक बयान को लेकर तीन दिन से सियासत गरमाई हुई है वहीं सत्ता-संगठन की चुप्पी के बीच हाईकोर्ट ने स्वत-संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। तब जाकर विजय शाह पर इंदौर के मानपुर थाने में आज रात प्रकरण दर्ज हुआ।

आपत्तिजनक बयान बाजी मानपुर थाना क्षेत्र के रायकुंडा मे आयोजित हलमा कार्यक्रम में की गई थी अतः मानपुर थाने में प्रकरण दर्ज हुआ।

मान कर चलिए कि इसके साथ ही मुश्किलों में फंसे हुए



कुंवर विजय शाह के राजनीतिक कैरियर की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री अभी रात 10ः00 बजे भोपाल पहुंच चुके हैं और अब सत्ता- संगठन ने मिलकर पटकथा तैयार की जा रही है।

मामले में कांग्रेस व अन्य संगठनों द्वारा विजय शाह के विरुद्ध प्रदर्शन और इस्तीफे की मांग के बीच पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने भी विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त करने के साथ ही उन पर एफआईआर की मांग को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि ऐसे बयान से पार्टी की छवि खराब होती है। विजय शाह की बर्खास्तगी एवं एफआईआर दोनों कार्रवाई तुरंत होना चाहिए क्योंकि उन्होंने पूरे देशवासियों को लज्जित किया है।

इधर सूत्रों की माने तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश संगठन से पूरे मामले में रिपोर्ट तलब कर चुके हैं। मंत्री विजय शाह को लेकर सब कुछ तय हो चुका है।

सूत्रों से आ रही खबरों पर यकीन करें तो हाईकोर्ट के आदेश के बाद मानपुर थाने में शाह के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर के साथ ही संगठन की ओर से संदेश गया है कि मंत्री विजय शाह स्वयं इस्तीफा देकर विवाद को शांत करें। उन्हें यह हिदायत भी दी गई है कि इस्तीफे के बाद शाह या उनके समर्थकों की ओर से कोई प्रतिक्रिया व्यक्त ना हो।

मंत्री विजय शाह के करियर की बात करें तो भोपाल की सांसद रही साध्वी प्रज्ञा और प्रदेश के सीनियर लीडर कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश के प्रकरणों से समझा जा सकता है।

इन दोनों को प्रधानमंत्री की नाराजगी का खामियाजा भुगतना पड़ा है। कहां जा सकता है कि एक बार जो प्रधानमंत्री की नजर से उतर गया फिर उसका फिर से ऊपर उठाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## विजय शाह का कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन कहना दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय, मंत्री को बर्खास्त करने की मांग :--- कांग्रेस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा हमारी भारतीय सेना की कर्नल जांबाज बेटी सोफिया कुरैशी की तुलना आतंकवादी की बहिन से करना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है प्रदेश की भाजपा सरकार तत्काल ऐसे निर्लज मंत्री को बर्खास्त करे। इस मंत्री ने पूर्व में अनेकों बार महिलाओं और पूर्व मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के विषय में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी उसके बावजूद भाजपा द्वारा ऐसी निर्लज मत्री को बार-बार मंत्री बनाना भाजपा की चाल चरित्र और चेहरा को उजागर करता है जो भाजपा अपने आप को संस्कारवान, राष्ट्रवादी, सनातनी होने का दावा करती है उसके द्वारा मंत्रिमंडल के गठन में ऐसे लोगों का चयन करना चिंता का विषय है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी, विजय अग्रवाल, राजेश पटेल, मामूर गुड्डू, डॉक्टर मोइन अंसारी ,अशोक चौधरी, पवन नामदेव, रविंद्र कुशवाहा, सन्जू ठाकुर, धर्मेंद्र कुशवाहा, लखन श्रीवास्तव आदि नेताओं ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी की आतंकवादियों की बहिन से तुलना करने वाले कैबिनेट मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त कर राष्ट द्रोह का मामला दर्ज किया जावे।

## श्रमोदय आईटीआई में 8 ट्रेडों में प्रवेश के लिए 31 तक ऑनलाइन पंजीयन

**नरसिंहपुर।** श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास के डीएसडी पोर्टल पर होगी। आवेदक पंजीयन 31 मई तक कर सकते है। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। श्रम पदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आईटीआई में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

## विजय शाह के विवादित बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** मध्य प्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सेना की अधिकारी सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए विवादित बयान के बाद ब्लाक कांग्रेस के तत्वाधान में सीताराम चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया ओर मंत्री का पुतला जलाने का प्रयास किया गया इस दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे को ज्ञापन सौंप कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की इस अवसर पर संजय सिंह चौहान, विक्रांत राय, हरपाल राजपूत, पामेश यादव, मनोज खटीक, मनोज नामदेव, सुदर्शन लोवंशी, संजय लोधी, कपील यादव, पवित्र कौर, चुन्ने मियां, राजाराम यादव, चन्द्रशेखर गुप्ता, नवांशु खरे, बाबू भाई मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## हेल्प एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल सील किया




**सिरोंज।** हेल्प एंड केयर मल्टी हॉस्पिटल लिंक रोड सिरोंज की जांच की गई वहां स्थापित एक्स-रे यूनिट में टेकनीशियन पात्रतानुसार नहीं मिलने के कारण सील किया गया साथ ही हॉस्पिटल में सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित थी किसके संबंध में संचालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका इसलिए सील किया गया। कार्यवाही टीम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ विकास कुमार सिंह बीएमओ सिरोंज और राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार ललित सक्सेना भी मौजूद रहे।

# डॉ. विक्रम राव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

लखनऊ। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय के. विक्रम राव का मंगलवार को भैंसाकुंड श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। डॉ राव के पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया।

इससे पूर्व पार्थिव शरीर को दर्शन के लिए यू.पी. प्रेस क्लब में रखा गया, जहां उनकी पत्नी डॉ. सुधा राव, बेटी विनीता राव और छोटे बेटे विश्वदेव राव तथा बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे। यू.पी. वर्किंग जनर्लिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष शिव शरण सिंह और यू.पी. प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने पत्रकार संगठनों की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके अलावा शोक व्यक्त करने वालों में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, नितिन अग्रवाल, ट्रेड यूनियन नेता उमाशंकर मिश्रा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक राजपाल कश्यप, उत्तर प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू, अपना दल के प्रवक्ता संजीव सिंह राठौड़, एन.सी.पी. नेता सिराज मेंहदी, इंसराम अली, पत्रकार पुण्य प्रसून बाजपेई, हेमंत शर्मा, अमिताभ अग्निहोत्री, अवधेश कुमार, विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, आरएलडी नेता अनिल दुबे, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, भाजपा प्रवक्ता एसएन सिंह, संपादक टाइम्स आफ इंडिया प्रवीण कुमार, संपादक हिंदुस्तान टाइम्स प्रियांशु मिश्रा आदि शामिल थे।









## मानवता को तार-तार करने वाली घटना पर सेवादल यंग ब्रिगेड में आक्रोश


### सीएमएचओ को बर्खास्त करने की मांग

**सांध्य प्रकाश इटारसी।** विगत दिनों जिला मुख्यालय स्थित शासकीय अस्पताल में एक्सीडेंट से मृत व्यक्ति के शरीर को कुत्तों द्वारा परिसर में रखा शव को नोचा गया था , यह कृत्य अमानवीय प्रवृत्ति का होकर मानव समाज के लिए घातक एवं शर्मनाक हैं , उक्त घटना कहीं न कहीं चिकित्सा विभाग की गंभीर लापरवाही वा गैर जिम्मेदाराना रवैया है। जिनका निराकरण किया जाना नितांत आवश्यक है। जिला मुख्यालय पर हो रही इस लापरवाही की जवाबदेही पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कांग्रेसियों ने मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के माध्यम से एक ज्ञापन देकर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पद मुक्त किए जाने की मांग कि है। ज्ञापन में बताया गया कि शव को कुत्तों के द्वारा नौचा गया इस शर्मनाक घटना से भविष्य में बचा जा सके, अगर हमारी मांग पर व्यवस्था में सुधार कर अविलंब जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं की गई तो इसके विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाब दे ही शासन प्रशासन की होगी ।ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से केलु उपाध्याय ,मोहन



झलिया, अजय शुक्ला ,मधुसूदन यादव ,मयूर जयसवाल, संतोष गुरयानी, पंकज राठौर ,गुफरान अंसारी, शुभम वालिया ,नेहा चावरे, इरशाद अहमद ,सिद्दीकी, नारायण ठाकुर, नरेश चौहान, लाली सलूजा ,शेख रमजान, भारत राजपूत एन एस चौहान अंजलि कलोसिया ,संजय ठाकुर, धर्मदास मिहानी ,सीमा भदौरिया, दिलीप गोस्वामी ,दीपक धर, अमित गुप्ता, दयाल लालवानी, सनी चौहान,राकेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## पानी के लिए ग्रामीण होते थे परेशान गांव में 4 नए नलकूप गड्ढे खोदे



**सीहोर।** सीहोर के ग्राम नांदनी में जलसंकट से बाहर निकालने के लिए चार नए बोर कराए गए हैं, जिनमें पर्याप्त मात्रा में पानी मिला है। ग्रामीणों ने बोर मशीन कर्मचारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। खुशी के इस मौके पर ग्रामीणों ने जयकारे लगाए और मिठाइयां बांटी। 7000 की आबादी वाले इस गांव में पानी की गंभीर समस्या थी। पिछले दिनों ही ग्रामीणों ने टंकी पर चढ़कर पानी की समस्या की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। ग्राम के सरपंच और समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री और पीएचई विभाग को ज्ञापन सौंपा था। इसमें चार नलकूप खनन की मांग की गई थी। आज बोरिंग मशीन पहुंचने और सफल खनन के बाद ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पीएचई विभाग मंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और कालापीपल विधायक का आभार जताया। ग्रामीणों ने प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल, अधीक्षण यंत्री उज्जैन-भोपाल और कार्यपालन यंत्री का भी धन्यवाद किया।

## बांग्ला जायसवाल समाज के हित पर चर्चा की गई



**आष्टा।** स्थानीय बुधवारा में स्थित ग्रेट मां केफे मे प्रदेश बांग्ला जायसवाल संगठन के निर्देशानुसार नगर आष्टा के बांग्ला जायसवाल समाज की एक बैठक विष्णु जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज हित पर चर्चा की गई साथ ही नगर आष्टा एवं आष्टा तहसील की कार्यकारणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से राजेन्द्र जायसवाल (राजु भैया) का बांग्ला समाज आष्टा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही संरक्षक के रूप में विष्णु जायसवाल, उपाध्यक्ष बी.एल.जायसवाल सिद्धीकगंज, महासचिव सिद्धांत जायसवाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल कोठरी, सचिव अरविंद जायसवाल रूपेटा, धरम जायवसाल डोडी को नियुक्त किया गया। नवगठित समिति द्वारा मध्यप्रदेश बांग्ला जायसवाल संगठन के नेतृत्व मे समाज के हित मे कार्य करने का संकल्प लिया गया। जिसमें उपस्थित समाज के सभी कार्यकर्ताओ ने अपनी अपनी स्वीकृति प्रदान की, साथ ही नवगठित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारियों को बधाइयां प्रेषित की। इस अवसर पर नारायण प्रसाद जायसवाल, गणेश जायसवाल, हरिओम जायसवाल, छोटु जायसवाल, जगदीश जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल आदि समाजजन उपस्थित थे। अंत में विष्णु जायसवाल द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

## डॉ. निमिषा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित




**सीहोर।** डा निमिषा तिवारी ,असिस्टेंट प्रोफेसर एवं हेड डिपार्मेंट ऑफ एग्रीकल्चर, महा कौशल यूनिवर्सिटी जबलपुर म प्र को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अवॉर्ड 2025 से अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया। यह अंतराष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें उत्कृष्ट उद्यानिकी एवं कृषि तकनीकी शोध ,शिक्षा और प्रसार के लिए अंतराष्ट्रीय मंच और विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रदान किया , उन्हें इस उपलब्धि पर विश्व समुदाय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, विश्व विद्यालय परिवार और मित्रों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां दी हैं।

## 5 सेक्टरों की 70 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**सिरोंज।** विदिशा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गंज बासौदा के 5 सेक्टरों की 70 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विदिशा से आए प्रशिक्षक श्री अरविंद मिश्रा ने जेंडर, बाल संरक्षण, जीवन कौशल विकास शिक्षा, वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता, रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम के महत्व एवं इसकी उपलब्धता आदि विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। असल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के दो विकासखंडों क्रमशः गंज बासौदा और नटेरन के ग्रामीण अंचलों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को योजनानुसार तिमाही प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे अपने गांव अथवा पंचायत में किशोरी बालिकाओं को क्रमवार प्रशिक्षित कर सकें। साथ ही सुदूर ग्रामीण अंचलों में ऐसी किशोरी बालिकाएं जो व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम (आईटीआई) में पढ़ना तो चाहती हैं लेकिन जानकारी के अभाव में एडमिशन नहीं ले पाती हैं। इसी तारतम्य में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि वे किशोरी बालिकाओं को व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में कैसे एडमिशन हो, कौन-कौन से कोर्सेज उपलब्ध हैं की जानकारी उपलब्ध करा सकें जिससे किशोरियां आगे आकर इसका लाभ उठा सकें। तदानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी भरत सिंह राजपूत ने शासकीय आईटीआई कॉलेज से समन्वय कर विकासखंडवार परियोजना अधिकारियों को इस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है। उक्त प्रशिक्षण में गंज बासौदा परियोजना अधिकारी ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह एवं विभाग के संतोष रघुवंशी मौजूद रहे।

# 51 हजार के लिए 15 दिन में दोबारा शादी

### खंडवा में 11 जोड़े अक्षय तृतीया पर विवाह कर चुके थे, अब सम्मेलन में फेरे लिए

**खंडवा।** सरकार से 51 हजार रूपए की मदद लेने के लिए 11 जोड़ों ने दोबारा विवाह रचा लिया है। खुलासा ऐसे हुआ कि इन जोड़ों ने अक्षय तृतीया पर हुए एक सामाजिक कार्यक्रम में शादी कर ली थी। अब 15 दिन बाद दोबारा शादी कर ली। प्रशासन ने बिना जांच किए आवेदन मंजूर किए और सात फेरे लगवा दिए।

खंडवा में जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर की दूरी ग्राम बमनगांव आखई में बुधवार को विवाह सम्मेलन हुआ। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत हुए इस सरकारी सम्मेलन में 198 जोड़ों ने सात फेरे लिए। आयोजन विधायक कंचन तनवे की अध्यक्षता में जनपद पंचायत खंडवा ने किया। भास्कर ने सम्मेलन में जाकर पड़ताल की तो सामने आया कि कई ऐसे जोड़े थे, जो पहले से शादीशुदा थे।

सम्मेलन में दो-तीन दुल्हन तो ऐसी थी कि लग्न लगने के बाद वो भोजन के लिए गई तो उनकी गोद में बच्चे थे। हालांकि ये पुष्टि नहीं हो सकी बच्चे उनके ही हैं। लेकिन भास्कर ने शादी कर चुके दूल्हा-



दुल्हन की लिस्ट खंगाली तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। सामने आया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर एक सामाजिक सम्मेलन हुआ था। इस सम्मेलन में 20 जोड़ों ने शादी की थी। इन्हीं में से 11 जोड़े सरकारी सम्मेलन में पहुंचे और दोबारा सात फेरे ले लिए।

**इन 11 जोड़ो ने दूसरी बार सात फेरे लिए-** अक्षय तृतीया पर हुए एक समाज के सम्मेलन में 20 जोड़ो ने शादी की थी। इनमें 11 जोड़े ऐसे निकले, जिन्होंने दोबारा शादी की है। दोबारा शादी का उद्देश्य सिर्फ 51 हजार रूपए की राशि लेना था। समाज के सम्मेलन की सूची और सरकारी सम्मेलन की सूची से इनके नामों का मिलान किया।

चांदनी वर्मा पति रामलाल फूलमाली, नम्रता पति कैलाश, नेहा पति दीपक वर्मा, भारती पति दीपक, किरण पति गोवर्धन वर्मा, अंशु पति प्रेमलाल वर्मा, कुसुम पति उमेश वर्मा, पूजा पति संदीप, मुस्कान पति युवराज वर्मा, दीपशिखा पति संतोष, शीतल पति दिनेश यादव के नाम निकले, जिन्होंने दोबारा विवाह रचाया है।

**विधायक पति ने सरकारी सम्मेलन कराने की बात कही थी-** अक्षय तृतीया को हुए एक सामाजिक सम्मेलन को सरकारी सम्मेलन घोषित करने के लिए विधायक कंचन तनवे के पति मुकेश तनवे ने अफसरों से बात की थी। ताकि समाज के 20 जोड़ों को 51 हजार रूपए की मदद मिल सके। लेकिन अफसरों ने यह कहते हुए टाल दिया कि तत्काल में यह कार्यक्रम नहीं करवा सकते है।

विधायक पति ने जनपद पंचायत जाकर डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ निकिता मंडलोई से बात की थी। उनके साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपालसिंह सोलंकी भी मौजूद थे। लेकिन बात नहीं बन पाई। सीईओ ने विधायक पति के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। बाद में जनपद के बाबूओं ने सलाह दी कि सरकारी सम्मेलन होने वाला है, उसमें उन जोड़ों को बिठवा देंगे और 51 हजार रूपए दिलवा देंगे।

## रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल ने किया पटाड़ा का स्वागत



**आष्टा।** पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कृपालसिंह पटाड़ा के जन्मदिवस के अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा अपने निज कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पार्षद रवि शर्मा, हिउस अध्यक्ष कालू भट्ट, डॉ. सलीम खान, अरशद अली, युवा अभिभाषक अक्षत पाठक, राजेश वर्मा, पूरणसिंह मेवाड़ा, अभिराजसिंह पटाड़ा आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल**

क्रमांक 145/यॉं.वि. / 25 भोपाल, दिनांक 13.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्रं. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | निविदा क्रय करने का अंतिम समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 02 | 2025_UAD_402768_4 | CONST. OF TOILET AND MAINTENANCE, REPARING WORK IN GOVT. MIDDLE THAKUR KALAM SING SCHOOL WARD 12 ZONE 03 | 4,16,111/- | 28-MAY-2025S | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र.1747/025/026

**कार्यपालन यंत्री (सिविल)**
**नगर पालिक निगम, भोपाल**




# मंत्री विजय शाह के बंगले पर प्रदर्शन करने जा रही महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका

**भोपाल।** मंत्री विजय शाह के बंगले पर प्रदर्शन करने जा रही महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं को पुलिस ने श्यामला हिल्स इलाके में उमा भारती के बंगले के पास रोक लिया । यहां महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल भी मौजूद थीं। वे हाथ में सोफिया कुरैशी के पोस्टर लेकर नारेबाजी करती रहीं। श्यामला हिल्स स्थित उनके बंगले पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। बैरिकेडिंग भी की गई है। उधर, कांग्रेस इस मामले में शुक्रवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से



मुलाकात करेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया- कांग्रेस के विधायक कल राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। उनसे ऐसे मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग करेंगे। कांग्रेस से राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने कहा है कि यदि विजय शाह की अपील सुप्रीम कोर्ट में मेंशन हुई और उस पर सुनवाई हुई तो तन्खा खुद, कपिल सिब्बल, इंदिरा जय सिंह और केटीएस तुलसी कोर्ट में खड़े होंगे। मुरैना में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे। मंत्री विजय शाह के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की।

### क्या हम पाकिस्तानी हैं?

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल बोलीं- हमारे साथ खड़ी एक-एक बहन सोफिया कुरैशी है। क्या वो आतंकवादी है? क्या हम पाकिस्तानी हैं? हम कहना चाहते हैं कि विजय शाह को मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। उन्हें पार्टी से भी निकालना चाहिए ताकि महिलाओं और सेना का सम्मान बरकरार रहे।

### मंत्री शाह के बंगले के बाहर बैरिकेडिंग

भोपाल में महिला कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह के बंगले पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इसके मद्देनजर मंत्री ने मौके पर बैरिकेडिंग की है। शाह के भोपाल स्थित बंगले के भीतर सन्नाटा पसरा है। बाहर पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन का प्लान उद्योग, पर्यटन और समावेशी विकास आधारित हो: संभागायुक्त



**भोपाल।** मेट्रोपॉलिटन रीजन के लिए तैयार किए जा रहे रीजनल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट प्लान को लेकर संभागायुक्त संजीव सिंह ने निर्देश दिए हैं कि यह योजना उद्योग, पर्यटन और समावेशी विकास को केंद्र में रखकर तैयार की जाए, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजधानी क्षेत्र का संतुलित और सतत विकास सुनिश्चित हो सके। आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में संभागायुक्त सिंह ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जिले के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा भोपाल विकास प्राधिकरण और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर समय-सीमा में आवश्यक जानकारी साझा करें। सिंह ने कहा कि यह प्लान न केवल शहरी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर, पर्यटन की संभावनाएं और निजी निवेश को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने चार चरणों में बन रही योजना के पहले दो चरणों प्रारंभिक विश्लेषण और द्वितीय स्थिति विश्लेषण को सबसे अहम मानते हुए आंकड़ों के समुचित संग्रहण और विश्लेषण पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। बैठक में भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, भोपाल विकास प्राधिकरण के सीईओ श्यामवीर सिंह, स्मार्ट सिटी की सीईओ अंजु अरुण कुमार, संयुक्त आयुक्त (विकास) विनोद यादव सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सीईओ बीडीए श्यामवीर सिंह ने योजना की प्रस्तावित संरचना पर प्रजेंटेशन दिया और अधिकारियों को इसकी कार्ययोजना से अवगत कराया। संभागायुक्त ने सभी विभागों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी प्रस्तावित परियोजनाओं और गतिविधियों को योजना में सम्मिलित करें, ताकि एक समग्र, व्यावहारिक और दूरदर्शी विकास मॉडल तैयार किया जा सके।

# भोपाल में आज शाम निकलेगी तिरंगा यात्रा, कई सड़कों पर डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक



**भोपाल।** राजधानी भोपाल में आज शाम एक बड़ी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। रोशनपुरा चौराहे से शास्त्री प्रतिमा चौराहा तक प्रस्तावित इस यात्रा में मुख्यमंत्री समेत हजारों लोग शामिल होंगे। इसमें आमजन, वरिष्ठ नागरिक, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इस आयोजन के चलते शाम 4 बजे से ट्रैफिक रूट में बड़ा बदलाव किया गया है। नगरीय यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वो ट्रैफिक नियमों का पालन करें और निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमत्री राजेन्द्र शुक्ला ने शासकीय बिरसा मुण्डा महाविद्यालय दिव्यगवां वि.स.सिरमोर ज़िला रीवा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण एवं विकासकार्यों का शिलान्यास किया।

# इंदौर-उज्जैन समेत 27 जिलों में आज बदला रहेगा मौसम, 20 के बाद गर्मी बढ़ेगी



**भोपाल।** प्रदेश के इंदौर, उज्जैन समेत 27 जिलों में गुरुवार को तेज आंधी चल सकती है। बारिश होने के भी आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 मई के बाद गर्मी बढ़ेगी। हालांकि, मई के आखिरी सप्ताह में फिर से मौसम बदलने की संभावना है। प्रदेश में 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। गुरुवार को इंदौर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मुरैना, भिंड, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, उमरिया जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, गुजरात के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में बारिश और आंधी की एक्टिविटी है। वहीं, एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी सक्रिय हुआ है।

**इन जिलों में हुई बारिश -** इससे पहले बुधवार को प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिले। भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, रायसेन, मंदसौर और नीमच में बारिश हुई। वहीं, सीहोर, बड़वानी, रतलाम, खरगोन, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, उमरिया, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में आंधी का दौर रहा।

**खजुराहो और नौगांव सबसे गर्म रहे-** छतरपुर जिले के दो शहर- खजुराहो और नौगांव सबसे गर्म रहे। खजुराहो में सबसे ज्यादा 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में 42.5 डिग्री, टीकमगढ़ में 42 डिग्री, सतना में 41.8 डिग्री, रीवा में 41.5 डिग्री, गुना में 41 डिग्री, सीधी में 40.8 डिग्री, दमोह में 40.6 डिग्री, मंडला में 40.5 डिग्री सेल्सियस रहा। भोपाल में 37.8 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, ग्वालियर में 41.8 डिग्री, उज्जैन में 37.7 डिग्री और जबलपुर में पारा 39.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में सबसे कम 32.6 डिग्री रहा।

